राजस्थान में घुसपैठियों के लिए जगह नहीं, उन्हें बाहर निकालने के लिए सरकार का काम शुरू : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाई पावर्ड डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा।''

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं हैं और उन्हें बाहर निकालने के लिए राज्य सरकार ने काम प्रारंभ कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाई पावर्ड डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। इसी कड़ी में अब राजस्थान में भी राज्य सरकार ने यह काम शुरू किया है और राजस्थान में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है।

उन्होंने कहा कि एबीवीपी देश को एक नयी दिशा देने वाले अनेक आंदोलनों की सूत्रधार रही है। वह वर्ष 1970 में बंग्लादेशी घुसपैठियों के देश में उत्पात के खिलाफ मुहिम तथा विश्वविद्यालयों में स्वस्थ वातावरण का निर्माण ऐसे आंदोलनों में शामिल रही हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने सोमवार को जयपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 61वें प्रांत अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में यह बात कही। इस अधिवेशन में 23 जिलों से 700 से अधिक कर्मयोगी विद्यार्थी एकत्रित हुए और 1 हजार से अधिक शिक्षाविद् एवं विद्यार्थी भी इस आयोजन का हिस्सा बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थी परिषद पिछले 7 दशकों से भी अधिक समय से भारत की अखंडता एवं गरिमा के संरक्षण में अतुलनीय योगदान दे रही है। जब भी भारतीयता और राष्ट्रभक्ति के बारे में किसी युवा संगठन की बात आती है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का नाम सम्मान और गर्व के साथ लिया जाता है। उन्होंने कहा कि, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय राजस्थान में युवाओं की निराशा चरम पर थी। पेपरलीक और भ्रष्टाचार अपने चरम पर था। हमारी सरकार ने बीते 2 वर्ष में इतने विकास कार्य किये हैं, जितने पूर्ववर्ती सरकार 5 सालों में नहीं कर पाई। हमने पांच साल में 4 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। अब तक 92 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दे दी है, 20 हजार अगले माह देंगे। वहीं, 1.50 लाख से अधिक नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 61वें प्रांत अधिवेशन के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सरकार में आते ही राजस्थान के विकास के लिए रोडमैप बनाया। रामजल सेतु लिंक परियोजना, देवास परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी गंगनहर की मरम्मत सहित विभिन्न निर्णय लिए। किसानों से किए गए वादे के मुताबिक अभी 22 जिलों में दिन के समय में बिजली दे रहे हैं। जल्द ही प्रदेश बिजली में आत्मनिर्भर बनेगा।

> ■ उन्होंने कहा कि ''एबीवीपी देश को एक नयी दिशा देने वाले अनेक आंदोलनों की सूत्रधार रही। वह वर्ष 1970 में बंग्लादेशी घुसपैठियों के देश में उत्पात के खिलाफ मुहिम तथा विश्वविद्यालयों में स्वस्थ वातावरण का निर्माण ऐसे आंदोलनों में शामिल रही।''

मुख्यमंत्री ने युवाओं का आव्हान करते हुए कहा कि वे नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनें और विकसित राजस्थान में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने 33 जिलों में चयनित विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में कुल 65 आई-स्टार्ट लॉन्चपैड नेस्ट स्थापित किए गए हैं। साथ ही, 71 नवीन राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना, स्नातकोत्तर स्तर के 49 तथा स्नातक स्तर के 58 महाविद्यालयों में नवीन विषय प्रारम्भ करना, 12 महाविद्यालयों में विज्ञान एवं 5 महाविद्यालयों में वाणिज्य नवीन संकाय प्रारम्भ करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी किए गए हैं।

एबीवीपी के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री देवदत्त जोशी ने कहा कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने वाला एक वैचारिक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि आज परिषद से 76 लाख से अधिक छात्र जुडे हुए हैं और आने वाले समय में यह संख्या एक करोड़ तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि परिषद विद्यार्थियों के शैक्षिणक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि विद्यार्थी परिषद संगठन की कार्यपद्धित, अनुशासन छात्र शक्ति-राष्ट्र शक्ति के नारे को चरितार्थ करती है। उन्होंने कहा कि छात्र शक्ति को केवल कैंपस तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि इसे राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने युवाओं को भारत की गौरवशाली संस्कृति और इतिहास से जुडने की प्रेरणा दी। इस दौरान एबीवीपी के जयपुर प्रांत अध्यक्ष जिनेश जैन एवं पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री की सुरक्षा में फिर चूक, काफिले में घुसा युवक

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सुरक्षा व्यवस्था में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सोमवार दोपहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीतापुरा जा रहे थे। इसी दौरान जब मुख्यमंत्री का काफिला जगतपुरा स्थित 7 नंबर बस स्टैंड के पास से गुजर रहा था। तभी एक युवक अचानक काफिले में घुस गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काफिले में सबसे आगे चल रही एस्कॉर्ट टीम ने युवक को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह नहीं रुका और सड़क पार करता हुआ आगे बढ़ गया। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को रोक लिया। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस की ओर से आधिकारिक रूप से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार पकड़ा गया युवक मंदबुद्धि बताया जा रहा है, जिसे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। गौरतलब है कि इससे पहले 11 दिसंबर 2024 को भी जगतपुरा रोड पर मुख्यमंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई थी। उस दिन दोपहर करीब तीन बजे अक्षयपात्र चौराहे पर मुख्यमंत्री के काफिले के चलते ट्रैफिक रोका गया था। इसी दौरान रॉन्ग साइड से आ रही एक टैक्सी ने काफिले में घुसने की कोशिश की। मौके पर तैनात एएसआई सुरेंद्र सिंह ने टैक्सी को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद टैक्सी मुख्यमंत्री के काफिले की दो अन्य गाड़ियों से भी टकरा गई। हादसे में एसीपी अमीर हसन सहित पुलिसकर्मी बलवान सिंह और देवेंद्र सिंह घायल हो गए थे। गंभीर रूप से घायल एएसआई सुरेंद्र सिंह की उसी दिन इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वहीं टैक्सी चालक पवन और उसका साथी भी हादसे में घायल हुए थे, जिनमें से चालक पवन ने करीब 20 दिन बाद दम तोड़ दिया था।

सार-समाचार

लक्ष्मीनारायणजी मंदिर में पौषबड़ा 1 को

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर के सी-स्कीम में भगत सिंह मार्ग स्थित मंदिर श्री लक्ष्मीनारायणजी में नववर्ष पर 1 जनवरी को पौष बड़ा प्रसादी वितरण का आयोजन किया जायेगा। पंडित प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि शाम 6 बजे भगवान को भोग लगाने और महाआरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसादी वितरित की जाएगी। मंदिर प्रांगण में इस आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है।

दुष्कर्म का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

जयपुर । श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवती से दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने युवती से अपनी जाति छुपाकर नजदीकियां बढ़ाईं और बाद में उसे डरा-धमकाकर दुष्कर्म करने के साथ ही नकदी व जेवर भी हड़प लिए। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि पीड़िता ने 2 नवंबर 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी और अध्ययन के लिए एक लाइब्रेरी जॉइन की थी। इसी दौरान लाइब्रेरी संचालक अतुल सैनी उर्फ अशोक शर्मा ने उससे संपर्क बढ़ाया। आरोपी ने स्वयं को ब्राह्मण बताकर युवती से नजदीकियां बनाईं और बाद में उसे कॉल-मैसेज कर परेशान करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे व उसके परिवार को बदनाम करने और बेटी को जान से मारने की धमकी देकर 42 हजार रुपए नकद ले लिए। साथ ही आरोपी ने सोने-चांदी के जेवरात-सोने की चेन, मंगलसूत्र, झुमके,अंगूठियां सहित करीब चार लाख रुपए मूल्य के स्त्रीधन को भी हड़प लिया। इसके बाद आरोपी ने डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज कर आरोपी अतुल सैन उर्फ अशोक शर्मा निवासी कुम्हेर जिला भरतपुर हाल सिद्धार्थ नगर थाना एयरपोर्ट जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

श्री चमत्कारेश्वर मंदिर में पौषबड़ा प्रसादी

जयपुर । पानीपेच-झोटवाड़ा रोड स्थित श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में 59वाँ पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में बाबा भोलेनाथ का अलौकिक श्रृंगार और महाआरती की गई। सर्वप्रथम 551 संतो को प्रसादी के रूप में देसी घी का हलवा, दाल के बड़े, पुरी-सब्जी जिमाई गई। उसके पश्चात मंदिर परिसर में करीब 11 हजार भक्तों को पंगत प्रसादी कराई गई। कार्यक्रम में समिति परिवार के सदस्य हरीश शर्मा, राजकुमार मोदी, राजेंद्र शर्मा, अनुपम शाह, नरेश सिंघल, विनोद अग्रवाल, रविंदर यादव, विष्णु बियानी, मनीष केडिया, महेश सैनी, महेंद्र खंडेलवाल, कालीचरण शर्मा, संदीप बागड़ी, किशन लाल गुप्ता, श्याम लाल यादव, श्याम सुंदर गोयल, राधा कृष्ण मॉडन, विमल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, रवि प्रकाश चौधरी, राजू जांगिड आदि उपस्थित रहे।

बंगाली बाबा मंदिर में पौषबड़ा कल

जयपुर । दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा आत्माराम ब्रह्मचारी गणेश मंदिर में विशाल पौषबड़ा महोत्सव बुधवार होने जा रहा है। यह शहर की सबसे बड़ी पौषबड़ा प्रसादी होती है, जिसमें 50 हजार के आसपास श्रद्धालु पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण करेंगे। आयोजन की तैयारियां जोरों पर चल रही है। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल व उपाध्यक्ष व संयोजक संजय पतंगवाला ने बताया कि महोत्सव के तहत सबसे पहले प्रथम पूज्य बंगाली बाबा व स्वयं आत्माराम जलेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार कर पौषबड़ा प्रसादी का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद सबसे पहले संत-महंत की प्रसादी शुरू होगी,तत्पश्चात देर रात तक 50 हजार के आसपास श्रद्धालु पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण करेंगे। संरक्षक रघुवीर शरण अग्रवाल, महामंत्री गजेन्द्र लूनीवाल,कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार अग्रवाल व सह कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने बताया कि प्रसादी बनने का कार्य मंगलवार से शुरू हो जाएगा। प्रसादी में 2 हजार किलो सब्जी,2 हजार किलो चीनी,1 हजार किलो सूजी,ढाई हजार किलो दाल,6 हजार किलो आटा,100 पीपे घी व 150 पीपे तेल आदि सामग्री काम आएंगी। इस प्रसादी को 100 भट्टियों पर करीब 400 के आसपास कारीगर तैयार करेंगे।

दुपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर । प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चोरी करने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने इन आरोपियों के पास से आठ चोरी के दुपहिया वाहन (बाइक-स्कूटी) भी बरामद की हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशा करने के आदि है और नशे की लत के लिए दुपहिया वाहनों की रैकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले शातिर वाहन चोर नवीन चौधरी उर्फ लुक्का (20) निवासी प्रताप नगर और रवि महावर (23) निवासी लालसोट जिला दौसा को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से आठ चोरी के दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदात करते थे। इसके अलावा आरोपित नवीन चौधरी पूर्व में भी मोबाइल स्नेचिंग और वाहन चोरी में चालान शुदा है। जिसने शिप्रापथ, एस.एम.एस, शिवदासपुरा, मालपुरा गेट, सांगानेर सदर, श्याम नगर व प्रताप नगर थाना इलाके में दुपहिया वाहन चोरी किये है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में अन्य चोरी की वारदातों के खुलासे की भी उम्मीद जताई जा रही है।

एन.एस.यू.आई. के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बीके कुशवाह समेत 15 लोग भाजपा में शामिल

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल कार्यशैली से प्रभावित होकर एनएसयूआई के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बीके कुशवाह ने सोमवार को अपनी टीम के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी के सानिध्य में बीके कुशवाह और उनकी टीम को पार्टी कार्यालय में भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई गई।

भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व, राजस्थान के विकास पुरुष मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा प्रदेश संगठन के मुखिया मदन राठौड़ की कार्यशैली से प्रभावित होकर बृजकिशोर कुशवाह ने भाजपा की सदस्यता ली है। सैनी ने बीके कुशवाह एवं उनकी पूरी टीम का भारतीय जनता पार्टी परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। सैनी ने कहा कि बीके कुशवाह और उनकी टीम संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य करेगी और भाजपा की विकास यात्रा को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से कुंठित होकर तथा भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा, संगठनात्मक रीति और विकासपरक सोच से प्रभावित होकर इन सभी कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी को अपना परिवार चुना है। भाजपा में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से रवि डोयला (सरपंच, नीम बसई), रामनरेश, रामू कुशवाह, नीरज कुमार, पवन पोसवाल, महेंद्र, मनोज कुमार, मनीष गोस्वामी, राजेश मीणा, मनीष कुमार मीणा, राहुल कुमार, पी. खान, कृष्ण कुमार, दीपचंद (सरपंच), रविंद्र, अनमोल बंसल सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों का भाजपा परिवार में पार्टी का दुपट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ अपूर्वा सिंह, नारायण मीणा मंच पर उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को निज निवास पर लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को सभी परेशानियों का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, श्रम, कृषि, गृह, राजस्व, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल सहित विभिन्न विभागों की शिकायतें लेकर लोग पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने लापरवाह कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए और जनसमस्याओं के समाधान में कोत्ताही नहीं बरतने की चेतावनी भी दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के पोस्टर विमोचन भी किए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को निज निवास पर लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

एयरपोर्ट पुलिस ने हथियारों के साथ दो बदमाश गिरफ्तार किए

जयपुर । जयपुर में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत थाना एयरपोर्ट पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी पिस्टल, मैगजीन, दो जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि एयरपोर्ट थानाधिकारी रूपनारायण को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना इलाके में स्थित स्वीप लाइन महालक्ष्मी कैफे के पास एक मोटरसाइकिल पर दो युवक संदिग्ध अवस्था में बैठे हैं और उनके पास अवैध हथियार हो सकते हैं। सूचना की तस्दीक पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान रिंकू मीणा के कब्जे से एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ, जबकि करण मीणा के कब्जे से एक जिंदा कारतूस सहित मौके से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की। साथ ही पुलिस ने अवैध हथियार के मामले में रिंकू मीणा(27) निवासी बामनवास जिला सवाई माधोपुर और करण मीणा(18) निवासी कोटखावदा जिला जयपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार कहां से लाए गए और इनका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था। इस कार्रवाई में कांस्टेबल लीलाराम एवं ओमप्रकाश की विशेष भूमिका रही।

'समाज को अधिक मानवीय बनाना लेखन का उद्देश्य'

नई दिल्ली । तकनीकी विकास और बाज़ार की व्यवस्था ने कुछ हद तक मुक्ति भी दी है और एक अलग तरीके से अन्यायपूर्ण व्यवस्था भी बनाई है। मनुष्य की गरिमा, नया अभी भी कोसों दूर है और लेखक का स्वप्न है कि ऐसा समाज बन सके जो न्याय आधारित हो। मेरा कहानी लेखन इसी दिशा में एक विनम्र प्रयास है कि हमारा समाज अधिक मानवीय बन सके।

सुप्रसिद्ध कथाकार पंकज मित्र ने अपने पर केंद्रित विख्यात लघु पत्रिका बनास जन के लोकार्पण के अवसर पर अपने पाठकों का सबसे अधिक ऋण स्वीकार किया जिनके कारण वे लगातार सक्रिय रह सके। हरकिशन सिंह सुरजीत भवन में एक सादे समारोह में वरिष्ठ उपन्यासकार रणेन्द्र, लेखक-अनुवादक दिगम्बर, चर्चित कथाकार कविता और अरुण कुमार असफल ने बनास जन के उक्त विशेषांक का लोकार्पण किया।

'बनास जन' के पंकज मित्र विशेषांक का लोकार्पण सोमवार को हुआ।

आलोचक-कथाकार राजीव कुमार के सम्पादन में आए इस विशेषांक में लगभग एक दर्जन आलोचकों ने विस्तार से पंकज मित्र की कहानियों का विश्लेषण-मूल्यांकन किया है। मित्र के संगी-साथियों संजय कुमार कुंदन और राजेश करमहे के संस्मरणों के साथ उनका लम्बा साक्षात्कार भी अंक में है। मूलत: झारखंड निवासी पंकज मित्र 1996 से कहानियाँ लिख रहे हैं और पेशे से भारतीय प्रसारण सेवा में अधिकारी रहे हैं। आयोजन में साहित्यकार रणेन्द्र ने कहा कि हिंदी के लघु पत्रिका आंदोलन का विशिष्ट स्वर बन चुकी बनास जन का पंकज मित्र पर विशेषांक का प्रकाशन इस बात का प्रमाण है कि हिंदी साहित्य समाज ने गंभीर और जनपक्षधर लेखकों का महत्व स्वीकार किया है। कथाकार कविता ने पंकज मित्र को बधाई दी और कहा कि अपनी पीढ़ी के श्रेष्ठ कहानी सर्जक के रूप में वे जाने जाते रहेंगे। बनास जन के सम्पादक पल्लव ने बनास जन की सत्रह वर्षीय यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि पंकज मित्र पर आया अंक तरासीवाँ अंक है।

चित्तौड़गढ़ से प्रारम्भ हुई इस पत्रिका ने अब तक हिंदी के अनेक रचनाकारों पर अपने अंकों का प्रकाशन किया है जिनमें मीराँ, नज़ीर अकबराबादी, भीष्म साहनी, नामवर सिंह, फणीश्वरनाथ रेणु,अमरकान्त, मृणाल पांडे, स्वयं प्रकाश, असग़र वजाहत, ओमप्रकाश वाल्मीकि, अखिलेश पर अंक सम्मिलित हैं।

पल्लव ने लघु पत्रिकाओं की प्रकाशन यात्रा को भूमंडलीकरण के प्रतिपक्ष में भारतीय संस्कृति और साहित्य का संघर्ष बताया।आयोजन में कवि-कथाकार श्रीधर करुणानिधि, डॉ विदित, शोधार्थी जनार्दन सहित अन्य रचनाकारों ने भी पंकज मित्र को बधाई दी।

जे.सी.बी. के वर्कशॉप में भीषण आग

डेढ़ दर्जन से अधिक दमकलों से आग पर काबू पाया

जयपुर (कासं)। भांकरोटा इलाके में सोमवार देर शाम को उस समय हड़कंप मच गई,जब जेसीबी के दफ्तर और गोदाम में अचानक से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि वर्कशॉप से उठता धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई देने लगा। जिसके बाद अजमेर हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई।

राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की करीब डेढ दर्जन से अधिक गाड़ियों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग की लपटें तेज होने के कारण दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस हादसे में जेसीबी के गोदाम और दफ्तर में रखा लाखों रुपयों का सामान आग की भेंट चढ़ गया।

> ■ वर्कशॉप में रखी मशीनरी सहित लाखों रुपए का सामान जलकर राख

थाना प्रभारी भांकरोटा श्रीनिवास जांगिड़ ने बताया कि भांकरोटा इलाके में अजमेर रोड पर जेसीबी कंपनी का दफ्तर और गोदाम बना हुआ है। जिसके एक हिस्से में जेसीबी का वर्कशॉप बना हुआ है। सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे जेसीबी कंपनी के वर्क शॉप में आग लगी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और वर्क शॉप सहित गोदाम और दफ्तर तक आग पहुंच गई। जिसमें लाखों रुपयों का सामान जल कर खाक हो गया। पुलिस आग लगने के कारणों का पता करने में जुटी है। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

कर्मचारियों ने भागकर बचाई जान जेसीबी कंपनी में आग लगने के बाद धुंआ निकलता देख वहां पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारी कंपनी छोड़कर हाईवे पर जमा हो गए। कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड ने फायर सिस्टम का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, परंतु आग पर काबू नहीं पा सके। जिसके बाद दमकल विभाग की करीब डेढ़ दर्जन से अधिक गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

फ्लैट की चौथी मंजिल पर तेज धमाके के साथ सिलेंडर फटा

जयपुर । करणी विहार इलाके में एक फ्लैट की चौथी मंजिल पर सिलेंडर में अचानक से आग लग गई। जिसके बाद अपार्टमेंट में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सनसनी तो तब फैली जब सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया और बालकनी की दीवार तोड़कर चौथी मंजिल से नीचे आ गिरा।

तेज धमाके के कारण अपार्टमेंट में लगी खिड़कियां के कॉच टूट गए। कॉच तेज धमाके साथ घटना स्थल पर मौजूद एक पुलिसकर्मी के हाथ में घुस गए और वो जख्मी हो गया। जिसके बाद मौके पर मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। आग लगने की सूचना पर मौके पर दमकल विभाग मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।

थानाधिकारी हवा सिंह ने बताया कि थाना इलाके में स्थित गांधी नगर वेस्ट के गिरिराज विहार में विनायक अपार्टमेंट मालिक सोमवार सुबह पूजा-अर्चना करने के बाद घर से निकल गए और कुछ देर बाद ही वापस आया तो देखा की घर के अंदर से धुंआ निकलता दिखाई दिया। पीड़ित ने तुंरत दरवाजा खोला तो अंदर की बालकनी में आग की लपेटे दिखाई दी।

जे.बी.आर. गैंग का सरगना जीतू जयपुर में गिरफ्तार

पिछले दो साल से फरार था 25 हजार रुपए का यह इनामी हिस्ट्रीशीटर

जयपुर (कासं)। झुंझुनूं पुलिस ने कुख्यात बदमाश और जेबीआर गैंग के मुख्य सरगना जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू चिराना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज राघवेन्द्र सुहासा और एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में चली इस विशेष कार्यवाही में 25 हजार रुपये के इस इनामी बदमाश को जयपुर से दस्तयाब किया गया।

एसपी उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जीतू चिराना गोठड़ा थाने का हिस्ट्रीशीटर है और वह एक संगठित गैंग का संचालन करता है। आरोपी के खिलाफ लूट, डकैती, चोरी, अपहरण और आर्म्स एक्ट जैसे संगीन जुर्मों के करीब 15 मामले दर्ज हैं। वह पिछले दो साल से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहा था और अपनी फरारी के दौरान लगातार स्थान बदल रहा था। पुलिस को वर्तमान में कुल 5 विभिन्न प्रकरणों में उसकी तलाश थी। जीतू चिराना की गिरफ्तारी के पीछे 22 दिसंबर 2023 की वह घटना भी शामिल है, जिसमें उसने चिराना निवासी मोहित की कार को अपनी स्कॉर्पियो से टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार जीतू और उसके साथियों ने कार पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी थी। इस वारदात के बाद से ही वह मुख्य आरोपी के तौर पर फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गोठड़ा थानाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मीणा और डीएसटी प्रभारी सरदारमल के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया था। तकनीकी सहायता और मानवीय आसूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार 28 दिसंबर को जयपुर में दबिश देकर उसे पकड़ लिया। पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। इस पूछताछ के दौरान जेबीआर गैंग के अन्य सक्रिय सदस्यों और उनके ठिकानों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जीतू चिराना की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सक्रिय संगठित अपराधों पर लगाम लगेगी।